विद्यालय

# शिक्षक मार्गदर्शिका

# सामाजिक अध्ययन

कक्षा 3

लेखिका :

**रजनी गुप्ता**

**विद्यालय प्रकाशन**

**दिल्ली • मेरठ**

© प्रकाशक

New Edition

मूल्य : ₹ 30:00

## विषय-सूची

**इकाई – I : पृथ्वी**

1. इसकी बनावट और आकार 3
2. पृथ्वी का बाह्य रूप 4
3. पृथ्वी का मानचित्र 5

**इकाई – II : भारत ( हमारी मातृभूमि )**

4. हमारी मातृभूमि 6
5. भारत के राज्य व संघशासित प्रदेश 7
6. भारत के भौतिक विभाग 8
7. हमारा भोजन 10
8. हमारे वस्त्र 11
9. हमारे व्यवसाय 12
10. हमारे मददगार 14
11. हमारे पर्व 15
12. यातायात के साधन 17
13. संचार के साधन 18
14. महानगरीय भारत 19
15. स्थानीय स्वायत्त प्रशासन 21
16. आदिमानव की कहानी–I 24
17. आदिमानव की कहानी–II 25

आदर्श प्रश्न–पत्र – I, II व III 26

# इकाई I : पृथ्वी

# 1 इसकी बनावट और आकार

**रचनात्मक कार्य**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(क) पृथ्वी की आकृति गोल है। पुराने समय में इसके संबंध में लोगों का विचार था कि पृथ्वी चपटी है।

(ख) मैगलन एक पुर्तगाली नाविक था तथा उसके कर्मीदल ने यह सिद्ध किया कि पृथ्वी गोल है।

(ग) राकेश शर्मा भारत के प्रथम अंतरिक्ष यात्री हैं।

(घ) वह स्थान, जहाँ आकाश और पृथ्वी परस्पर मिलते हुए प्रतीत होते हैं, पृथ्वी-क्षितिज कहलाता है और वह स्थान, जहाँ आकाश और समुद्र तल परस्पर मिलते हुए प्रतीत होते हैं, जल-क्षितिज कहलाता है।

(ङ) पृथ्वी की परिधि की माप इरैटोस्थैनस नामक ग्रीक खगोलविद ने की और इसे 38600 किमी पाया जो कि त्रुटियुक्त थी। पृथ्वी की वास्तविक परिधि 24,902 मील है।

(च) पृथ्वी की तीन परतें हैं।

**2. सत्य व असत्य लिखिए :**

(क) सत्य (ख) सत्य (ग) असत्य (घ) सत्य

(ङ) असत्य

**3. सही मिलान कीजिए :**

| | |
|---|---|
| (क) राकेश शर्मा | (iii) अंतरिक्ष में जाने वाले प्रथम भारतीय |
| (ख) नील आर्मस्ट्रांग | (iv) चंद्रमाप रउ तरनेव ।लाप ्थमअ ंतरिक्ष यात्री |
| (ग) पृथ्वी की परिधि | (i) 38600 किमी |



| | |
|---|---|
| (घ) पृथ्वी की सतह का कुल क्षेत्र | (v) 51,20,00,000 वर्ग किमी |
| (ङ) पाँचवाँ सबसे बड़ा ग्रह | (ii) पृथ्वी |

# 2 पृथ्वी का बाह्य रूप

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(क) ग्लोब पृथ्वी का एक बहुत छोटा प्रतिरूप है।

(ख) एक टॉर्च को चलाकर इसके प्रकाश पुंज को ग्लोब पर डालिए। ग्लोबक ।अ ।धाभ ।ागप ्काशमयह ।ेताह ैज बकिइ सकेप ।छेव े आधे भाग पर अँधेरा रहता है। इसी प्रकार पृथ्वी के जिस आधे भाग पर प्रकाश की किरणें पड़ती हैं, वहाँ दिन होता है तथा जिस आधे भाग पर प्रकाश नहीं पहुँच पाता, वहाँ रात होती है। इसी प्रकार दिन और रात होते हैं।

(ग) पृथ्वी की सतह पर स्थित महासागर :

(i) अंटार्कटिक महासागर, (ii) प्रशांत महासागर, (iii) अटलांटिक महासागर, (iv) हिंद महासागर, (v) आर्कटिक महासागर

(घ) पृथ्वी की सतह पर स्थित महाद्वीप :

(i) एशिया, (ii) अफ्रीका, (iii) उत्तरी अमेरिका, (iv) दक्षिणी अमेरिका, (v) अंटार्कटिका, (vi) यूरोप, (vii) ऑस्ट्रेलिया।

(ड) तीन ओर से समुद्र से घिरी भूमि प्रायद्वीप कहलाती है। जैसे भारत एक प्रायद्वीप है।

**2. सही मिलान कीजिए :**

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| (क) खाड़ी | 4. मन्नार |
| (ख) महासागर | 6. अंटार्कटिका |
| (ग) महाद्वीप | 5. ऑस्ट्रेलिया |

(घ) प्रायद्वीप — 2. भारत

(ङ) द्वीप — 3. अंडमान व निकोबार

(च) सागर — 1. काला

**3. केवल एक शब्द में उत्तर दीजिए :**

(क) प्रशांत महासागर (ख) ऑस्ट्रेलिया

(ग) एशिया (घ) भारत

(ङ) सात

**3. खाली स्थान भरिए :**

(क) छोटा प्रतिरूप (ख) नीला (ग) प्रशांत

(घ) प्रक्षेपण, खाड़ी (ङ) 30

# 3 पृथ्वी का मानचित्र

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(क) समतल कागज पर भूमीय निकायों का आरेख मानचित्र होता है।

(ख) ग्लोब को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाना बहुत अधिक कठिन है जबकि मानचित्र को आसानी से कहीं भी ले जा सकते हैं।

(ग) मानचित्र की पुस्तक को एटलस कहते हैं।

(घ) कुल चार दिशाएँ हैं।

(ङ) मानचित्र हमारे लिए निम्नलिखित तरीकों से उपयोगी है–

(i) मानचित्र पृथ्वी का प्रेक्षण करने का कार्य सरल बनाते हैं।

(ii) पानी के जहाज और हवाई जहाज मानचित्रों की सहायता से अपने गंतव्य पर पहुँचते हैं।

(iii) थल सेना, वायु सेना तथा जल सेना स्थानों के मानचित्रों का प्रयोग आक्रमण व सुरक्षा के लिए करते हैं।



(iv) मानचित्र देशों के सीमा-विवादों को सुलझाने में सहायक होते हैं।

(v) पर्यटक तथा व्यापारी देश के सभी भागों में उचित ढंग से यात्रा करने हेतु सड़क व रेल मानचित्र का प्रयोग करते हैं।

(च) पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तार, चीन, नेपाल, भूटान तथा म्यांमार (बर्मा)।

**2. सही मिलान कीजिए :**

(क) उत्तर — (iii) जम्मू व कश्मीर

(ख) दक्षिण — (i) तमिलनाडु

(ग) पश्चिम — (ii) नागालैंड

(घ) पूर्व — (iv) महाराष्ट्र

**3.** निम्नलिखित को पूरा कीजिए –

(क) दक्षिण (ख) प्रायद्वीप (ग) दिशाएँ (घ) उत्तर राज्य

## इकाई II : भारत (हमारी मातृभूमि)

# 4 हमारी मातृभूमि

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(क) ग्रीक लोगों ने हमारे देश को 'इंडिया' नाम दिया।

(ख) चीन, पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान और म्यांमार।

(ग) भारत को तीन जल-निकाय घेरे हुए हैं।

(घ) भारत की तटीय रेखा की लंबाई 7516 किमी है।

(ङ) भारत में भिन्न-भिन्न खान-पान, भाषा, विचार, धर्म तथा जाति के लोगर हतेह ैं।इ नि वभिन्नताओंव ेक ारणभ ारतक ो उपमहाद्वीप कहा जाता है।

(च) भारत का राष्ट्रीय पशु – बाघ।
भारत का राष्ट्रीय पक्षी – मोर।

भारत का राष्ट्रीय ध्वज : तिरंगा।

(छ) अंग्रेजी शासन से हमारा देश 15 अगस्त 1947 को स्वतंत्र हुआ।

**2. केवल एक शब्द में उत्तर दीजिए :**

(क) 32,87,782 वर्ग किमी (ख) 7516 किमी

(ग) भारत (घ) 26 जनवरी 1950

(ङ) 6100 किमी

**3. निम्नलिखित को सुमेल कीजिए :**

| | |
|---|---|
| (क) भारत का राष्ट्रीय पक्षी | 4. मोर |
| (ख) भारत का राष्ट्रीय पुष्प | 6. कमल |
| (ग) भारत का राष्ट्रीय पशु | 5. बाघ |
| (घ) भारत का राष्ट्रीय ध्वज | 2. तिरंगा |
| (ङ) भारत की राष्ट्रीय भाषा | 3. हिंदी |
| (च) भारत का राष्ट्रीय गान | 1. जन–गण–मन |

# 5 भारत के राज्य व संघशासित प्रदेश

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(क) भारत में 28 राज्य व 7 संघशासित प्रदेश हैं।

(ख) भारतक ीव ेंद्रस रकारव ेम ुखियाप्रधानमंत्रीह ोतेह ैंत थार ाज्य सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री होते हैं।

(ग) भोपाल।

(घ) हिंदी।

(ङ) दिल्ली न तो राज्य है, न संघशासित प्रदेश। यह राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र कहलाता है तथा भारत की केंद्रीय राजधानी है।

(च) जम्मू व कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी – श्रीनगर।
जम्मू व कश्मीर की शीतकालीन राजधानी – जम्मू।



(छ) राजस्थान।

(ज) चंडीगढ़।

**2. सत्य अथवा असत्य लिखिए :**

(क) असत्य (ख) सत्य (ग) असत्य (घ) असत्य

(ङ) सत्य (च) सत्य

**3. सुमेलित कीजिए :**

| ‘अ’ | ‘ब’ |
|---|---|
| (क) असम | (iii) दिसपुर |
| (ख) बिहार | (v) पटना |
| (ग) उड़ीसा | (iv) भुवनेश्वर |
| (घ) पंजाब | (ii) चंडीगढ़ |
| (ङ) गोवा | (i) पणजी |

# 6 भारत के भौतिक विभाग

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(क) उत्तर या पर्वतीय क्षेत्र, गंगा और ब्रह्मपुत्र का मैदान, थार का मरुस्थल, पठार एवं द्वीप।

(ख) विश्व की सबसे ऊँची चोटी माउंट एवरेस्ट है।

(ग) हिमालय में तीन पर्वत श्रेणियाँ हैं।

(घ) उच्च भूमि के सम स्तर वाले विशाल क्षेत्र को पठार कहते हैं। दक्कन का पठार दक्षिण भारत में स्थित है। यह समुद्र तल से लगभग 500–1300 मीटर ऊँचा है। यह लगभग 3 लाख वर्ग किमी का क्षेत्र घेरे हुए है। पश्चिमी घाट इसके पूर्व में है। इसका

अधिकांश भाग चट्टानी है। विंध्याचल श्रेणी, सतपुड़ा श्रेणी, अरावली पहाड़ियाँ भी दक्कन के पठार में स्थित हैं।

(ङ) भारत का सबसे विशाल मरुस्थल थार है और यह राजस्थान और गुजरात दोनों राज्यों में फैला हुआ है।

(च) गंगा, यमुना, ब्रह्मपुत्र।

(छ) **भारत के द्वीप समूहों के नाम :** अरब सागर के द्वीप तथा बंगाल की खाड़ी के द्वीप।

**अरबस ागरव ेद्व ीपः** ये द्वीप कच्छ की खाड़ी और कुमारी अंतरीप के मध्य हैं। लक्षद्वीप, मिनीकॉम तथा एलीफेंटा मुख्य द्वीप हैं।

**बंगाल की खाड़ी के द्वीप :** अंडमान व निकोबार द्वीप समूह, 19 द्वीपों का समूह है। इसके अतिरिक्त बेरम तथा नारकोंडम द्वीप भी बंगाल की खाड़ी में हैं।

**2. सुमेलित कीजिए :**

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| (क) लूनी | 6. राजस्थान की एकमात्र नदी। |
| (ख) लक्षद्वीप | 4. अरब सागर में मूँगे का द्वीप |
| (ग) ब्रह्मपुत्र | 5. हिमालय से निकलती है |
| (घ) के-2 | 3. भारत की सबसे ऊँची चोटी |
| (ङ) माउंट एवरेस्ट | 2. संसार की सबसे ऊँची चोटी |
| (च) सेल्यूलर जेल | 1. अंडमान व निकोबार |

**3. सत्य अथवा असत्य लिखिए :**

(क) असत्य (ख) असत्य (ग) सत्य (घ) सत्य
(ङ) असत्य (च) सत्य (छ) सत्य



# 7 हमारा भोजन

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(क) हम खाना खाते हैं क्योंकि खाना हमें बढ़ने में मदद करता है, ऊर्जा देता है, तंदरुस्त रखता है, भूख को शांत करता है तथा हमें स्वस्थ रखता है।

(ख) दाल, गेहूँ, बाजरा, मक्का, व्यंजन बनाने वाली अनेक सब्जियाँ; जैसे–मटर, चना, गोभी, पत्ता गोभी, काशीफल, कद्दू, मूली, भिंडी, टमाटर, आलू आदि। इसके साथ-साथ रायता व कढ़ी, सरसों का साग, मक्का की रोटी तथा मट्ठा, लस्सी, दूध तथा मिठाइयाँ।

(ग) चावल के साथ मछली, इडली, डोसा, साँभर, पायसम तथा रसम तथा समुद्री भोजन।

(घ) सूरजमुखी, सरसों, सोयाबीन, मूँगफली आदि।

(ङ) अल्प मात्रा में लिए गए खाद्य अथवा पेय पदार्थ नाश्ता कहलाता है।

(च) भारत में भोजन के दो प्रकार पाए जाते हैं– शाकाहारी भोजन तथा मांसाहारी भोजन।

(छ) पनीर, मक्खन, क्रीम, घी, खोवा तथा मिठाइयाँ आदि।

(ज) **राजस्थान के व्यंजन :** दाल-बाटी, चूरमा, मट्ठा, गेहूँ और चावल तथा ज्वार-बाजरा आदि से बना हुआ भोजन।

**गुजरात के व्यंजन :** चूरमा-बाटी, खाकरा और पाव-भाजी, मगज और घरी (मिठाई), ढोकला, चावल और गेहूँ तथा ज्वार-बाजरा से बना हुआ भोजन।

2. **सत्य अथवा असत्य लिखिए :**

(क) असत्य (ख) सत्य (ग) असत्य (घ) सत्य

(ङ) असत्य (च) सत्य

3. **निम्नलिखित कथनों को पूरा कीजिए :**

(क) मानव (ख) ऊर्जा (ग) भोजन (घ) ऊर्जा

(ङ) भोजन पकाने (च) संदेश

# 8 हमारे वस्त्र

1. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(क) हम अपना शरीर ढकने तथा ठंड, गरमी व बरसात से बचने के लिए कपड़े पहनते हैं।

(ख) साड़ी-ब्लाउज, सलवार-कुर्ता व दुपट्टा, घाघरा-चोली व ओढ़नी, जीन्स, स्कर्ट, कैपरी आदि।

(ग) ट्राउजर, शर्ट, कुर्ता-पायजामा, धोती-कुर्ता, लुंगी-कुर्ता, जीन्स-शर्ट या शर्ट-ट्राउजर्स आदि।

(घ) आधुनिक समय में किशोर जीन्स और टी-शर्ट पहनने को प्राथमिकता देते हैं।

(ङ) पुरुषों द्वारा सिर पर बाँधा जाने वाला कपड़ा पगड़ी कहलाता है। राजस्थान, गुजरात, पंजाब, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के लोग अपने सिर पर टोपी पहनते हैं।

(च) **सर्दी में पहनी जाने वाली पोशाकें :** सर्दी में ठंड से बचने के लिए हम गर्म, ऊन व कैशमीलोन के बने कपड़े पहनते हैं। इस मौसम में स्वेटर, कार्डीगन, शॉल, कंबल आदि का उपयोग किया जाता है।



**गर्मी में पहनी जाने वाली पोशाकें :** गरमी में सूती, हल्के वजन तथा हल्के रंग की पोशाकें पहनी जाती हैं।

2. **सत्य अथवा असत्य लिखिए :**

(क) सत्य (ख) असत्य (ग) असत्य (घ) असत्य

(ङ) सत्य (च) असत्य

3. **सही मिलान कीजिए :**

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| (क) गांधी टोपी | 6. गुजरात |
| (ख) फिरन | 4. कश्मीर |
| (ग) घाघरा और ब्लाउज | 5. राजस्थान |
| (घ) मुंडु और ब्लाउज | 3. केरल |
| (ङ) सलवार-कमीज | 2. पंजाब |
| (च) घाघरा-कुर्ता | 1. हरियाणा |

# 9 हमारे व्यवसाय

1. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(क) धन कमाने के लिए किया गया कार्य व्यवसाय कहलाता है।

(ख) भूमि को जोतकर उसमें बीज बोना तथा विभिन्न प्रकार की फसलों को उगाना कृषि कहलाता है।

(ग) खेती के द्वारा गाँववाले गेहूँ, जौ, मक्का, ज्वार-बाजरा, रागी, धान, फल तथा सब्जियाँ आदि उगाते हैं। गाँववाले इन फसलों, फलों तथा सब्जियों को उगाकर बड़ी-बड़ी मंडियों में बेचते हैं तथा धन कमाते हैं।

(घ) ग्रामवासी जो समुद्रतट या नदी के किनारे के पास रहते हैं, वे

मछलियाँ पकड़ते हैं। यही मछली पकड़ना कहलाता है।

(ङ) गाँव के लोग मुर्गी, बत्तख, हंस आदि पालते हैं, जिनसे वे अंडे व मांस प्राप्त करते हैं। उन्हें बेचकर वे धन कमाते हैं। इस प्रकार के पशुओं के पालन को 'मुर्गीपालन' कहते हैं।

(च) डॉक्टर, नर्स, अध्यापक, मॉल में काम करने वाले प्रबंधक, विक्रय प्रतिनिधि, सेल्सगर्ल, सुपरवाइजर, चौकीदार तथा वितरणकर्ता, वकील, प्रशासक, पायलट, इंजीनियर, तकनीशियन, संपादक, लेखक, जर्नलिस्ट, क्लर्क, फोटोग्राफर, कोरियोग्राफर, प्रशिक्षक, निरीक्षक, पेंटर, डिजाइनर, ऐनीमेटर, ग्राफिक डिजाइनर आदि।

(छ) **वानिकी :** वनों में पेड़ बड़ी संख्या में पाए जाते हैं। वनों में पेड़ों को लगाना तथा उनकी सुरक्षा करना ही वानिकी कहलाता है।

**चिराई :** कुछ लोग वनों में पेड़ों को गिराकर उनके लट्ठे बनाने का काम करते हैं। यह व्यवसाय चिराई कहलाता है।

**2. सत्य अथवा असत्य लिखिए :**

(क) सत्य (ख) असत्य (ग) असत्य (घ) सत्य

(ङ) सत्य (च) सत्य

**3. सही मिलान कीजिए :**

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| (क) लुहार | (vi) लोहा |
| (ख) सुनार | (v) सोना और चाँदी |
| (ग) बढ़ई | (iv) लकड़ी |
| (घ) मोची | (iii) चमड़ा |
| (ङ) कुम्हार | (ii) मिट्टी |
| (च) दर्जी | (i) कपड़े |



# 10 हमारे मददगार

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(क) पुलिस का सिपाही चोर तथा डाकुओं से हमारी व हमारी सम्पत्ति की रक्षा करता है। वह बैंक, स्टेशन, पुल तथा महत्त्वपूर्ण स्थानों की निगरानी करता है। वह सरकार द्वारा बनाए गए कानूनों तथा आदेशों को यथावत बनाए रखने में सहायता करता है तथा अपराधियों को पकड़कर शांति कायम रखता है।

(ख) अध्यापिकाह मेंस हीप ढ़ना,ि लखनाव ब ोलना सिखातीह ैं।व ह हमारी गलतियों को सुधारती हैं तथा हमें प्रश्नों के उत्तर देना सिखाती हैं। वे हमें अच्छी आदतें व तरीके सिखाती हैं तथा समस्याओं को हल करने में वे हमारी मदद करती हैं। पढ़ाने के साथ-साथ वे हमें नृत्य, गायन, अनेक खेल खेलना तथा संगीत वाद्य यंत्रों को भी बजाना सिखाती हैं।

(ग) हमारी बीमारी की जाँच-पड़ताल डॉक्टर करता है।

(घ) हमारे लिए पत्र और मनी-ऑर्डर डाकिया लाता है।

(ङ) अस्पताल में मरीज का इलाज करते समय डॉक्टर की सहायता नर्स व कंपाउंडर करते हैं।

(च) पशु-चिकित्सक, स्टॉकमैन तथा पैरावेट।

**2. सत्य अथवा असत्य लिखिए :**

(क) सत्य (ख) असत्य (ग) सत्य (घ) असत्य

(ङ) सत्य (च) सत्य

**3. सही मिलान कीजिए :**

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| (क) डाकिया | 3. पार्सल और पत्र |

| | |
|---|---|
| (ख) पुलिस का सिपाही | 4. चोर और डाकू |
| (ग) डॉक्टर | 7. जाँच |
| (घ) पशु चिकित्सक | 5. पशु एवं पक्षी |
| (ङ) नर्स | 2. इंजेक्शन |
| (च) कंपाउंडर | 1. दवा |
| (छ) अध्यापिका | 6. छात्र एवं छात्राएँ |

# 11 हमारे पर्व

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(क) दशहरा, दीपावली, क्रिसमस।

(ख) दीपावली के दिन लोग अपने घरों में तेल के दीये व मोमबत्ती जलाते हैं। बच्चे पटाखे और बमों को चलाकर आनंद लेते हैं। लोग एक-दूसरे को मिठाइयाँ व उपहार का आदान-प्रदान करते हैं। रात में देवी लक्ष्मी व भगवान गणेश की पूजा भी की जाती है।

(ग) क्रिसमस के दिन ईसाई लोग चर्च में जाकर ईश्वर की प्रार्थना करते हैं। वे गुब्बारों व बिजली के प्रकाश से क्रिसमस वृक्ष को सजाते हैं।वे एक-दूसरे को उपहार का आदान-प्रदान करते हुए कहते हैं, ''मेरी क्रिसमस''। क्रिसमस से पहली रात को सांता क्लॉज बच्चों के लिए सुंदर-सुंदर उपहार लाता है।

(घ) हम स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को मनाते हैं क्योंकि इसी दिन सन् 1947 में हमें अंग्रेजों की गुलामी से आजादी प्राप्त हुई थी।

(ङ) हम गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को मनाते हैं क्योंकि इसी दिन सन् 1950 में भारत को एक गणतंत्र राज्य घोषित किया गया था।

(च) हम गांधी जयंती मनाते हैं क्योंकि इसी दिन महात्मा गांधी जी का



जन्म हुआ था तथा हम गांधी जयंती 2 अक्टूबर को मनाते हैं।

(छ) दो भारतीय फसली त्योहार : बैसाखी, ओणम।

**बैसाखी :** बैसाखी पंजाबियों का फसली त्योहार है। यह प्रतिवर्ष मुख्यत: पंजाब में 13 अप्रैल को मनाया जाता है। यह खेत में फसल पकने के समय आनंद के साथ मनाया जाता है। इस दिन पंजाब के नवयुवक भाँगड़ा (एक लोक नृत्य) करते हैं।

(च) स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू थे। हम उनके जन्मदिन 14 नवंबर को बाल दिवस के रूप में मनाकर उन्हें याद करते हैं।

**2. सही मिलान कीजिए :**

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| (क) स्वतंत्रता दिवस | 8. 15 अगस्त |
| (ख) गणतंत्र दिवस | 6. 26 जनवरी |
| (ग) बाल दिवस | 7. 14 नवंबर |
| (घ) शिक्षक दिवस | 5. 5 सितंबर |
| (ङ) गांधी जयंती | 3. 2 अक्टूबर |
| (च) क्रिसमस दिवस | 4. 25 दिसंबर |
| (छ) ओणम | 1. अगस्त या सितंबर |
| (ज) पोंगल | 2. जनवरी |

**3. सत्य अथवा असत्य लिखिए :**

(क) सत्य (ख) असत्य (ग) सत्य (घ) असत्य

(ङ) सत्य (च) सत्य

# 12 यातायात के साधन

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(क) एक स्थान से दूसरे स्थान तक व्यक्तियों या माल का लाना व ले जाना परिवहन कहलाता है।

(ख) **वाहनों हेतु समान बातें :**

(i) सभी वाहनों में दौड़ने के लिए पहिए होते हैं।

(ii) सभी वाहनों में पेट्रोल या डीजल की आवश्यकता होती है।

(iii) सभी वाहनों में बैठने के लिए सीट होती है।

(iv) सभी वाहनों में मशीन या इंजन होता है।

(v) सभी वाहनों को ठंडक प्रदान करने हेतु जल की आवश्यकता होती है।

(vi) सभी वाहनों को चलाने के लिए ड्राइवर होते हैं।

(ग) **वाहनों के उपयोग :**

(i) वाहन; जैसे–ट्रक, मिनी ट्रक आदि हमारे सामान एक स्थान से दूसरे स्थान तक ढोने के काम आते हैं।

(ii) मालगाड़ी द्वारा भारी मात्रा वाला सामान अधिक दूरी के लिए ढोया जाता है।

(iii) बसें, कारें, मिनी बसें व रेलगाड़ियाँ अनेक यात्रियों को दूर के स्थानों पर ले जाती हैं।

(घ) बस, कार, ट्रक, स्कूटर, मोटरसाइकिल, रिक्शा, ऑटोरिक्शा आदि।

(ङ) घोड़ा, बैल, ऊँट, खच्चर, हाथी आदि।

(च) दुर्गम तथा पहाड़ी इलाकों में खाने का सामान वायु परिवहन द्वारा उपलब्ध कराया जाता है।



**2. खाली स्थान भरिए :**

(क) बस (ख) पहिए (ग) माल

(घ) राजस्थान (ङ) महासागरों (च) हवाई

# 13 संचार के साधन

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(क) एक स्थान से दूसरे स्थान के लिए संदेश/समाचार प्राप्त करना अथवा भेजना संचार कहलाता है।

(ख) अपने संदेश तथा समाचार दूसरे व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए डाक साधनों का प्रयोग किया जाता है, यही डाक संचार कहलाता है। डाक संचार के साधन पत्र, लिफाफे, पारदर्शी रजिस्ट्री, पोस्टकार्ड, अंतर्देशीय पत्र, मनीऑर्डर, टेलीग्राम आदि हैं।

(ग) डाकघरों से अपने संदेश प्राप्त करने तथा भेजने के लिए हम पोस्टकार्ड तथा अंतर्देशीय पत्र का प्रयोग करते हैं। ये सभी डाक सामग्री डाकघरों में उपलब्ध होती है। कुछ जरूरी संदेश प्राप्त करने तथा भेजने के लिए डाकघर में टेलीग्राम की व्यवस्था भी होती है।

(घ) टेलीफोन, मोबाइल, फैक्स, ई-मेल आदि सभी जन संचार के साधन है।

(ङ) फैक्स तथा ई-मेल।

**2. सही मिलान कीजिए :**

| **'अ'** | **'ब'** |
|---|---|
| (क) पत्र | डाकघर |
| (ख) इंटरनेट | कंप्यूटर |
| (ग) फैक्स | कुछ सेकंड में संदेश भेजना तथा प्राप्त करना |

(घ) मौसम टीवी एवं रेडियो

(ङ) उपग्रह आसमान

**3. खाली स्थान भरिए :**

(क) डाक साधनों (ख) संकेत (ग) संचार साधन

(घ) संचार (ङ) कबूतर

# 14 महानगरीय भारत

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(क) कुतुबमीनार, लालकिला, इंडिया गेट, जामा मसजिद।

(ख) दिल्ली भारत की राजधानी सन् 1911 में बनी।

(ग) जवाहरलाल नेहरू का समाधि स्थल – शांतिवन।
गांधी जी का समाधि स्थल : राजघाट
चौधरी चरण सिंह का समाधि स्थल ' किसान घाट।

(घ) हावड़ा ब्रिज कोलकाता में है तथा कोलकाता हुगली नदी के किनारे बसा है।

(ङ) दुर्गा पूजा।

(च) मुंबईवासियों का मुख्य त्योहार गणेश चतुर्थी है तथा यहाँ की जलवायु सम है।

(छ) गेटवे ऑफ इंडिया, जुहू बीच, नरीमन प्वाइंट, चौपाटी, चर्च गेट, ऐलीफेंटा गुफाएँ, मैरीन ड्राइव, कमला नेहरू पार्क, एस्सेलवर्ल्ड, मालाबार पहाड़ियों का हैंगिग गार्डन, तारापोरवाल, जलजीवघर, प्रिंस ऑफ वेल्स म्यूजियम, नेरली प्लैनेटेरियम (ताराघर) आदि।

(ज) चेन्नई के पेराम्बूर में इन्टीग्रल कोच फैक्ट्री स्थित है।

(झ) इडली, डोसा–साँभर, बड़ा, उप्पमा, थोसाई, रसम और उत्तपम,



मछली–चावल तथा कॉफी।

**2. सही मिलान कीजिए :**

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| (क) इंडिया गेट | 4. दिल्ली |
| (ख) गेटवे ऑफ इंडिया | 3. मुम्बई |
| (ग) इंटीग्रल कोच फैक्ट्री | 2. चेन्नई |
| (घ) फोर्ट विलियम | 1. कोलकाता |
| (ङ) चेन्नई | 7. तमिलनाडु |
| (च) कोलकाता | 5. पश्चिम बंगाल |
| (छ) मुंबई | 6. महाराष्ट्र |

**3. निम्नलिखित शब्दों को उचित जगह पर लिखिए, जिसके अंतर्गत वे आते हैं:**

**चेन्नई :** मरीना बीच, पोंगल, तमिल।

**मुंबई :** मैरीन ड्राइव, गणेश चतुर्थी, मराठी, कमला नेहरू पार्क।

**दिल्ली :** राजघाट, शांतिवन, लक्ष्मी नारायण मंदिर, हिंदी, संसद भवन, राष्ट्रपति भवन, लालकिला, जामा मसजिद।

**कोलकाता :** दुर्गा पूजा, हावड़ा ब्रिज, बंगला, दक्षिणेश्वर मंदिर।

**4. संक्षेप में उत्तर दीजिए :**

(क) दिल्ली (ख) मुंबई (ग) नई दिल्ली

(घ) कोलकाता (ङ) मद्रास (च) कोलकाता

(छ) दिल्ली (ज) मुंबई (झ) मुंबई

(ञ) चेन्नई (ट) मुंबई

# 15 स्थानीय स्वायत्त प्रशासन

1. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(क) गाँव अथवा शहर के लोगों का स्व-प्रशासन स्थानीय स्वायत्त शासन है।

(ख) ग्राम पंचायत का मुखिया प्रधान होता है तथा नगरपालिका का मुखिया चेयरमैन या प्रेसीडेंट होता है।

(ग) **ग्राम पंचायत का गठन :** ग्राम पंचायत के सदस्यों की संख्या 8 से अधिक नहीं हो सकती लेकिन सामान्यत: वे 5 होते हैं। प्रधान या सरपंच ग्राम पंचायत का मुखिया होता है। गाँव के लोग उसको मतदान द्वारा चुनते हैं, जो प्रत्येक पाँच वर्ष बाद होता है। इन चुनावों को राज्य सरकार कराती है। प्रत्येक पंचायत से हर एक वर्ष के लिए एक नायबसरपंच का भी चुनाव होता है। कुछ ग्राम पंचायतें केवल महिलाओं को ही अपना ग्राम प्रधान चुनती हैं। गाँव के 18 वर्ष तथा इससे अधिक आयु के लोग ग्राम पंचायत के सदस्यों को चुनते हैं। ग्राम प्रधान अथवा सरपंच के चुनाव के लिए 21 अथवा 21 वर्ष से अधिक आयु वाला व्यक्ति ही अपना नामांकन करा सकता है।

(घ) **ग्राम पंचायत के कर्तव्य व अधिकार :**

(i) गलियों तथा घरों की सफाई और स्वच्छता का ध्यान रखना।

(ii) नियमित जल आपूर्ति का प्रबंध करना।

(iii) संक्रमण रोगों; जैसे—चेचक, मलेरिया, हैजा आदि पर नियंत्रण रखने के लिए स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं जैसे टीकाकरण का प्रबंध करना।

(iv) बेकार हो चुकी सड़कों, खड़ंजों व स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत करवाना।



(v) गाँवों के तालाबों, पोखरों तथा कुओं का रख-रखाव व मरम्मत करवाना।

(vi) गाँव के लोगों के जन्म-मृत्यु का लेखा-जोखा रखना।

(vii) गाँवों में मेले तथा पैठ आदि का प्रबंध करना तथा लघु उद्योगों को प्रोत्साहन देना।

(viii) ग्रामीणों के लिए प्राथमिक शिक्षा तथा प्रौढ़ शिक्षा के लिए सुविधा उपलब्ध कराना।

(ix) मिड-डे मील की योजना की देखभाल करना।

(x) गाँव वालों के झगड़ों को सुलझाना।

(ङ) **ग्राम पंचायत की आय के स्रोत :** ग्राम पंचायत साप्ताहिक बाजारों (पैठ), मेलों तथा घरों पर 'कर' के माध्यम से धन इकट्ठा करती है। यह लोगों को पोखरों व तालाबों को मछली पालन या सिंघाड़ा उत्पादन हेतु किराए पर देकर धन प्राप्त करती है। इसके अतिरिक्त राज्य सरकार ग्राम पंचायत को धन देती है।

(च) कमिश्नर, कार्यकारी अधिकारी, सचिव, स्वास्थ्य अधिकारी, कर निरीक्षक, कर अधीक्षक, सिविल अभियंता, विद्युत अभियंता, शिक्षा अधिकारी, सफाई निरीक्षक, कनिष्ठ अभियंता, लिपिक आदि नगरपालिका के अधिकारी हैं।

(छ) **नगरपालिका के कर्तव्य व अधिकार :**

(i) शहर के अंदर नालियों, गलियों व सड़कों की मरम्मत व निर्माण कराना।

(ii) शहर को साफ-सुथरा रखवाना।

(iii) लोगों को पीने के पानी व बिजली की आपूर्ति करवाना।

(iv) अस्पताल, प्राथमिक स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र आदि की स्थापना करना।

(v) शहरों में स्ट्रीट लाइट के खंभे लगवाना व उनकी मरम्मत करवाना।

(vi) कब्रिस्तानों, श्मशानों, वाहन पार्किंग, साप्ताहिक बाजारों (पैठ), कंपनी बागों, रसोई-भंडारों, सार्वजनिक शौचालयों, स्नानगृहों, बस अड्डों, बेघर गरीब लोगों के लिए रैन बसेरों आदि की व्यवस्था करना।

(vii) नगर-पार्कों एवं सार्वजनिक पुस्तकालयों के रख-रखाव तथा अग्निशमन सेवाओं के संचालन के अलावा जन्म और मरण का लेखा-जोखा रखना।

(ज) **नगरपालिका की आय के स्रोत :**

(i) नगरपालिका गृहकर, सम्पत्ति कर, सड़क कर, चुंगी, प्रवेश कर, यात्री कर तथा बिजली के बिलों से धन इकट्ठा करती है।

(ii) यह दुकानों के किराए के रूप में अपने बाजार, मेलों व प्रदर्शनियों से धन इकट्ठा करती है।

(iii) यह मरे हुए पशुओं के ठेकों से धन इकट्ठा करती है।

(iv) यह राज्य सरकार से अनुदान प्राप्त करती है।

**2. सही मिलान कीजिए :**

| **'अ'** | **'ब'** |
|---|---|
| (क) गाँव का प्रथम नागरिक | 6. प्रधान |
| (ख) शहर का प्रथम नागरिक | 5. मेयर |
| (ग) सिविल अभियंता | 4. सड़क की मरम्मत |
| (घ) विद्युत अभियंता | 7. विद्युत आपूर्ति |
| (ङ) डॉक्टर | 3. बीमारियों का इलाज |
| (च) कर निरीक्षक | 2. कर संग्रह |
| (छ) सफाई निरीक्षक | 1. शहर की साफ-सफाई |

**3. रिक्त स्थान भरिए :**

(क) ग्राम पंचायत (ख) राज्य (ग) 18

(घ) जन्म, मृत्यु (ङ) चेयरमैन (च) अनुदान



# 16 आदिमानव की कहानी-I

**1. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दीजिए :**

(क) आदिमानव अँधेरी गुफाओं में रहता था।

(ख) गुफाएँ ठंड, गरमी, बरसात तथा जंगली जानवरों से आदिमानव की रक्षा करती थीं।

(ग) आदिमानव जंगली पशुओं का कच्चा मांस, जड़ें, कंदमूल तथा फल भी खाता था। परंतु आग की खोज करने के पश्चात् वह मांस को भून कर खाने लगा। धीरे-धीरे उसने फसलें उगानी सीख लीं तथा अपने भोजन के लिए अनाज इकट्ठा करने लगा।

(घ) आदिमानव ने देखा कि फलों के जिन बीजों को खाकर वह मिट्टी/जमीन में फेंक दिया करता है, वे अंकुरित होकर छोटे पौधों के रूप में उगने लगे। इस प्रकार, आदिमानव ने फसल उगाना प्रारंभ किया

(ङ) आदिमानव के हथियार हड्डियों और हाथी के दाँतों के बने होते थे।

**2. निम्नलिखित को पूरा कीजिए :**

(क) अँधेरी गुफाओं (ख) कच्चा मांस (ग) औजार

(घ) हड्डियों तथा हाथी के दाँतों (ङ) आग

**3. निम्न औजारों तथा हथियारों के नीचे उनके नाम लिखिए :**

सुई, हथौड़ा, कुल्हाड़ी, भाला।

# 17 आदिमानव की कहानी-II

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(क) एक बार आदिमानव सूखे पत्तों के ढेर पर बैठा हुआ था। उसने पत्थर के दो छोटे-छोटे टुकड़े लिए तथा उन्हें आपस में रगड़ने लगा। उनकी रगड़ से ऐसी चिंगारी उत्पन्न हुई कि सूखे पत्तों ने उसकी आग पकड़ ली और वह ज्वाला (आग) में बदल गई। इस तरह आदिमानव ने आग की खोज की।

(ख) आग के प्रयोग से आदिमानव ने खतरनाक जंगली जानवरों से स्वयं की सुरक्षा की। वह मांस व अनाज को आग में भूनकर व पकाकर खाने लग गया, जिससे उसका खाना मुलायम और स्वादिष्ट हो गया तथा सर्दियों में आग सर्दी से उसकी रक्षा करती थी।

(ग) स्लेज (बिना पहिए की गाड़ी) तथा बेड़ा।

(घ) आदिमानव ने असमान तथा खुरदरी सतह पर स्लेज (बिना पहिए की गाड़ी) को ढकेलने के लिए लकड़ी के दो गोल लट्ठों पर रख दिया। इसके बाद उसने बेलनाकार लकड़ी के लट्ठों को गोल-गोल टुकड़ों में काटा, जो पहाड़ी ढलान पर तेजी से लुढ़कने लगे। इस प्रकार पहिए का आविष्कार हुआ।

(ङ) आदिमानव के लिए पहिए के उपयोग :

(i) पहिए के उपयोग से आदिमानव को परिवहन में भरपूर मदद मिली।

(ii) उसने पहिए का प्रयोग मिट्टी से बर्तन बनाने में किया तथा इन बर्तनों का प्रयोग खाना पकाने में किया गया।

**2. रिक्त स्थान भरिए :**

(क) बैठा (ख) जंगलों (ग) बेलनाकार

(घ) गाड़ी (ङ) मिट्टी



**3. सत्य अथवा असत्य लिखिए :**

(क) सत्य (ख) सत्य (ग) सत्य

(घ) सत्य (ङ) सत्य

## आदर्श प्रश्न-पत्र-I

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :**

(क) पृथ्वी की परिधि की माप इरैटोस्थैनस नामक ग्रीक खगोलविद ने की और इसे 38600 किमी पाया जो कि त्रुटियुक्त थी। पृथ्वी की वास्तविक परिधि 24,902 मील है।

(ख) ग्लोब पृथ्वी का एक बहुत छोटा प्रतिरूप है।

(ग) विश्व के मानचित्र में भारत एशिया महाद्वीप के दक्षिणी भाग में अवस्थित है। इसकी सीमाएँ चीन, पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान और म्यांमार की सीमाओं को स्पर्श करती हैं।

(घ) चीन, पाकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल, भूटान और म्यांमार।

(ङ) भारत में 28 राज्य व 7 संघशासित प्रदेश हैं।

**2. सही मिलान कीजिए :**

| 'अ' | 'ब' |
|---|---|
| (क) नील आर्मस्ट्राँग | चंद्रमा पर उतरने वाला प्रथम अंतरिक्ष यात्री |
| (ख) प्रायद्वीप | भारत |
| (ग) भारत की कार्यालयी भाषा | हिंदी |
| (घ) उत्तराखंड की राजधानी | देहरादून |
| (ङ) माउंट एवरेस्ट | विश्व की उच्चतम पर्वत चोटी |

**3. सत्य अथवा असत्य लिखिए :**

(क) सत्य (ख) सत्य (ग) असत्य

(घ) असत्य (ङ) असत्य

**4. रिक्त स्थान भरिए :**

(क) नीला (ख) दक्षिणी (ग) मानचित्रों (घ) के-2

## आदर्श प्रश्न-पत्र-II

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

(क) दाल, गेहूँ, बाजरा, मक्का, व्यंजन बनाने वाली अनेक सब्जियाँ; जैसे—मटर, चना, गोभी, पत्ता गोभी, काशीफल, कद्दू, मूली, भिंडी, टमाटर, आलू आदि। इसके साथ-साथ रायता व कढ़ी, सरसों का साग, मक्का की रोटी तथा मट्ठा, लस्सी, दूध तथा मिठाइयाँ।

(ख) **सर्दी में पहनी जाने वाली पोशाकें :** सर्दी में ठंड से बचने के लिए हम गर्म, ऊन व कैशमीलोन के बने कपड़े पहनते हैं। इस मौसम में स्वेटर, कार्डीगन, शॉल, कंबल आदि का उपयोग किया जाता है।

**गर्मी में पहनी जाने वाली पोशाकें :** गरमी में सूती, हल्के वजन तथा हल्के रंग की पोशाकें पहनी जाती हैं।

(ग) **वानिकी :** वनों में पेड़ बड़ी संख्या में पाए जाते हैं। वनों में पेड़ों को लगाना तथा उनकी सुरक्षा करना ही वानिकी कहलाता है।

**चिराई :** कुछ लोग वनों में पेड़ों को गिराकर उनके लट्ठे बनाने का काम करते हैं। यह व्यवसाय चिराई कहलाता है।

(घ) अस्पताल में मरीज का इलाज करते समय डॉक्टर की सहायता नर्स व कंपाउंडर करते हैं।

(ङ) दीपावली के दिन लोग अपने घरों में तेल के दीये व मोमबत्ती जलाते हैं। बच्चे पटाखे और बमों को चलाकर आनंद लेते हैं। लोग एक-दूसरे को मिठाइयाँ व उपहार का आदान-प्रदान करते हैं। रात में देवी लक्ष्मी व भगवान गणेश की पूजा भी की जाती है।

**2. रिक्त स्थान भरिए :**



(क) गोबर (उपले) (ख) पहिए (ग) महासागर

(घ) बस (ङ) राजस्थान

**3. सत्य अथवा असत्य लिखिए :**

(क) सत्य (ख) असत्य (ग) असत्य

(घ) सत्य (ङ) सत्य

**4. निम्नलिखित की पूर्ति कीजिए :**

(क) डाक साधनों (ख) संकेत (ग) संचार साधन

(घ) त्वरित संदेश (ङ) संचार (च) कबूतर

## आदर्श प्रश्न-पत्र-III

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

(क) हावड़ा ब्रिज कोलकाता में है तथा कोलकाता हुगली नदी के किनारे बसा है।

(ख) मुंबई के मुख्य त्योहार का नाम गणेश चतुर्थी है तथा इसकी जलवायु सम है।

(ग) गाँव अथवा शहर के लोगों का स्व-प्रशासन स्थानीय स्वायत्त प्रशासन है।

(घ) **नगरपालिका की आय के स्रोत :**

(i) नगरपालिका गृहकर, सम्पत्ति कर, सड़क कर, चुंगी, प्रवेश कर, यात्री कर तथा बिजली के बिलों से धन इकट्ठा करती है।

(ii) यह दुकानों के किराए के रूप में अपने बाजार, मेलों व प्रदर्शनियों से धन इकट्ठा करती है।

(iii) यह मरे हुए पशुओं के ठेकों से धन इकट्ठा करती है।

(iv) यह राज्य सरकार से अनुदान प्राप्त करती है।

(ङ) आदिमानव ने देखा कि फलों के जिन बीजों को खाकर वह मिट्टी/जमीन में फेंक दिया करता है, वे अंकुरित होकर छोटे पौधों के रूप में उगने लगे। इस प्रकार, आदिमानव ने फसल उगाना प्रारंभ

किया

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर दीजिए :**

(क) दिल्ली (ख) नई दिल्ली (ग) मद्रास

(घ) मुंबई (ङ) मुंबई

**3. निम्नलिखित को पूरा कीजिए :**

(क) ग्राम पंचायत (ख) राज्य (ग) 18

(घ) पत्थर (ङ) आग

**4. सही मिलान कीजिए :**

| **'अ'** | **'ब'** |
|---|---|
| (क) गाँव का प्रथम नागरिक | 6. प्रधान |
| (ख) शहर का प्रथम नागरिक | 5. मेयर |
| (ग) सिविल अभियंता | 4. सड़क की मरम्मत |
| (घ) विद्युत अभियंता | 7. विद्युत आपूर्ति |
| (ङ) डॉक्टर | 3. बीमारियों का इलाज |
| (च) कर निरीक्षक | 2. कर संग्रह |
| (छ) सफाई निरीक्षक | 1. शहर की साफ-सफाई |